Downloaded from: justpaste.it/HoliRashifal

होली के दिन करें ये उपाय, चमक जाएगी सोई किस्मत

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार रंगों का व्यक्ति के जीवन पर बहुत असर पड़ता है।

आज पूरे देश में होलिका दहन के त्यौहार मनाया जा रहा है। तो वहीं कल होली के रंगों में रंगने का पर्व मनाया जाएगा। बता दें कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार रंगों का व्यक्ति के जीवन पर बहुत असर पड़ता है। तो आज हम आपको राशियों के अनुसार होली के रंग से व्यक्ति की सोई किस्मत को चमकाने की बात बताने जा रहे है। आइए जानते हैं कौन-सी राशि के जातक को कौन से रंग से होली खेलनी चाहिए, जो उसके लिए बेहद शुभ रंग हो।

Holi 2020- मनोकामना पूरी करने के लिए लगाएं, देवी-देवताओं को इन पकवानों का भोग

मेष-

मेष राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन लाल रंग के गुलाल से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन हलिका पूजा के दौरान मेष राशि के जातकों को 'ऊं ह्रीं श्रीं लक्ष्मीनारायण नम:' मंत्र का जप करना चाहिए।

वृषभ-

वृषभ राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन हल्के पीले रंग के गुलाल से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन हलिका पूजा के दौरान वृषभ राशि के जातकों को 'ऊं गौपालाये उत्तर ध्वजाए:' मंत्र का जप करना चाहिए।

मिथुन-

मिथुन राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन हरे रंग के गुलाल से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन हलिका पूजा के दौरान मिथुन राशि के जातकों को 'ऊं क्लीं कृष्णाये नम:' मंत्र का जप करना चाहिए।

कर्क-

कर्क राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन सफेद कपड़े पहन कर केवल गुलाल से होली खेलनी चाहिए। ये शुभ माना जाता है। इसके अलावा आज के दिन हलिका पूजा के दौरान कर्क राशि के जातकों को 'ऊं हिरण्यगर्भाये अव्यक्त रूपिणे नम:' मंत्र का जप करना चाहिए।

HOLI 2020- होली के रंगों से क्या है? ज्योतष शास्त्र से कनेक्शन…

सिंह-

सिंह राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन लाल गुलाल या मेहरून रंग से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन होलिका पूजा के दौरान सिंह राशि के जातकों को 'ऊं क्लीं ब्रह्मणे जगदाधाराये नम:'मंत्र का जप करना चाहिए।

कन्या

आज के दिन होलिका पूजा के दौरान कन्या राशि के जातकों को 'ऊं नमो प्रीं पीताम्बरायै नम:' मंत्र का जप करना चाहिए और गणपति बप्पा और धन कुबेर जी के दर्शन करने के बाद टेसू के रंग से होली खेलनी चाहिए।

तुला-

तुला राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन लाल और पीले रंग से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन होलिका पूजा के दौरान तुला राशि के जातकों को 'ॐ तत्व निरंजनाय तारक रामाये नम:' मंत्र का जप करना चाहिए।

वृश्चिक-

वृश्चिक राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन गुलाबी रंग से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन होलिका पूजा के दौरान वृश्चिक राशि के जातकों को 'ॐ नारायणाय सुरसिंहाये नम:' मंत्र का जप करना चाहिए।

धनु –

धनु राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन पीले रंग से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन होलिका पूजा के दौरान धनु राशि के जातकों को 'ॐ श्रीं देवकीकृष्णाय ऊर्ध्वषंताये नम:' मंत्र का जप करना चाहिए।

मकर-

मकर राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन गुलाबी और पीले रंग से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन होलिका पूजा के दौरान मकर राशि के जातकों को 'ॐ 'ॐ श्रीं वत्सलाये नम:' मंत्र का जप करना चाहिए।

कुंभ-

कुंभ राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन हरे और सिंदूरी रंग से होली खेलना शुभ होगा। इसके अलावा आज के दिन होलिका पूजा के दौरान कुंभ राशि के जातकों को 'श्रीं उपेन्द्रायै अच्युताय नम:' मंत्र का जप करना चाहिए।

मीन-

मीन राशि वाले लोगों के लिए होली वाले दिन पीले रंग के गुलाल से होली खेलना शुभ होगा। आगे भी पढ़े